भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

परिपत्र संख्या : 26/2022

दिनॉक : 04 फरवरी, 2022

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

विषयः– भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य संघों की चल/अचल संपत्तियों का विवरण प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या–56/2015 दिनाँक 19.04.2015

महोदय/महोदया,

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, की ओर से शुभकामनाएं।

आपको सूचित किया जाता है कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि राज्य संघ/जिला संघ की संपत्तियों के उचित उपयोग तथा धन वृद्धि योजना विकसित करने में सहयोग प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय मुख्यालय में अलग से एक संपत्ति प्रबंधन विभाग स्थापित किया जाए।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों से बड़ी संख्या में कौशल विकास परियोजनाएं प्राप्त कर रहा है।

इन उद्देश्यों के लिए राज्य संघ/जिला संघ के स्वामित्व वाली या पट्टे पर प्राप्त की गई संपत्तियों का पूर्ण विवरण राष्ट्रीय मुख्यालय के संपत्ति प्रबंधन प्रकोष्ठ में रखना आवश्यक है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया पंजीकरण/पट्टा दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ संलग्न प्रोफार्मा में विवरण प्रस्तुत करें।

राज्य संघ की संपत्तियों की विस्तृत जानकारी 28 फरवरी, 2022 तक एवं जिला संघ की संपत्तियों की विस्तृत जानकारी 31 मार्च, 2022 तक राष्ट्रीय मुख्यालय पर पहुँच जानी चाहिए।

यह भी अनुरोध है कि यदि किसी संपत्ति का कोई विवाद है, तो कृपया इसकी सूचना संबंधित दस्तावेजों के साथ शीघ्रातिशीघ्र दी जाए, क्योंकि कि हमारे माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन और मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. के.के. खण्डेलवाल इस मुद्दे को हल करने में राज्य की मदद करने के लिए हस्तक्षेप/समन्वय करने में बहुत रूचि रखते है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(राजकुमार कौशिक)
निदेशकDS

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब जिला संघ।
6. सभी सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कार्यवाही हेतु।